हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 मई 2024

11 कोमल गर्ग को सिरसा गौरव के सम्मान से नवाजा गया

12 मतदाता जागरुकता अभियान में तेजी लाएं


## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियों-कैप्सूल सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने जलालआना ढाणी क्षेत्र से एक युवक को 6350 नशीली गोलियों व कैप्सूल सहित काबू किया है। प्रभारी राजपाल ने बताया कि जलालआना स्थित मेडिकल संचालक मंदीप के खिलाफ नशीली दवाइयां बेचने की शिकायत मिल रही थी। मंदीप पुत्र साहिब सिंह निवासी जलालआना के मेडिकल पर रेड की लेकिन दुकान पर कोई नशीली गोलियां बरामद नहीं हुई। मंदीपके मकान से 6350 नशीली गोलियों व कैप्सूल बरामद हुए।

### पिस्तौल सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव सौत्र भट्टू से गांव राजराना रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक पैदल आता दिखई दिया। वह पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जसपाल उर्फ जस निवासी पंजाब बताया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास नाजायज पिस्तौल 32 बोर व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक कल

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 11 मई को सायं 5 बजे बाल भवन में होगी। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी तथा उनका समाधान संबंधित विभागों द्वारा करवाया जाएगा तथा मुख्यमंत्री को भेजी गई मांगों बारे जानकारी दी जाएगी।

### 13 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** ओढां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव जंडवाला जाटान से एक व्यक्ति को 13 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति अपनी दुकान करियाणा के आगे शराब बेच रहा है। पुलिस ने उक्त स्थान पर दबिश दी तो एक व्यक्ति को मौका से काबू करके उसकी तालाशी ली जो उसके कब्जे से 13 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान हरजिंद्र सिह पुत्र रुलदु सिह निवासी गांव जंडवाला जाटान के रुप में हुई है।

### 50 लीटर लाहन सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**सिरसा।** चौटाला चौकी पुलिस ने गांव गिंदड़ खेड़ा से एक व्यक्ति को 50 लीटर लाहन सहित काबू किया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान रमेश कुमार पुत्र हंसराज निवासी गिंदड़ खेड़ा के रुप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सदर थाना डबवाली में आबाकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मंडी के गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठे आढ़ती बोले, 100 करोड़ रुपये अटके

# एक सप्ताह से गेहूं की आवक बंद, मंडियों में पड़े हैं छह लाख भरे बैग, आढ़तियों का सूख रहा अनाज

- मण्डी से गेहूं का उठान नहीं होने तक जारी रहेगा धरना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

मण्डियों में गेहूं की आवक एक सप्ताह से बंद है लेकिन अभी तक फतेहाबाद की मण्डियों से गेहूं का उठान नहीं हो पाया। हालात यह है कि नई अनाज मण्डी में पैर रखने की जगह नहीं है, वहीं खरीद एजेंसियों के पास गोदाम में जगह नहीं है। दोनों मण्डियों में 6 लाख गेहूं के बैग अटे पड़े हैं। यानि कि 30 प्रतिशत गेहूं अभी भी मण्डियों में पड़ा हुआ है। गेहूं की खरीद शुरू हुए 27 दिन हो गए हैं। दिन-प्रतिदिन गेहूं सूख रही है जिसका सीधा नुकसान आढ़ती को हो रहा है। इसी को लेकर वीरवार को आढ़तियों ने फतेहाबाद की अनाज मण्डी के गेट नं. 1 पर ताला जड़कर बाहर धरने पर बैठ गए। आढ़तियों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आढ़तियों का कहना था कि वह इस बार 'गेहूं के कट्टों को नमस्ते' करके वोट देने जाएंगे।

धरने पर बैठे व्यापार मंडल अनाज मण्डी के प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि पिछले एक महीने से गेहूं का सीजन चल रहा है। जमींदारों ने एक हफ्ते में मण्डी में गेहूं डाल दी। 10 दिन से मण्डी में गेहूं नहीं आ रही है लेकिन सरकार के नकारात्मक और ढीले रवैये के कारण और अधिकारियों की मनमानी की वजह से आज मण्डी के बुरे हालात हो गए है। यापार मंडल ने एक महीने पहले ही प्रशासन को चेता दिया था कि अगर फतेहाबाद मण्डी में डीएफएससी ने खरीद नहीं की तो मण्डी के बुरे हालात हो जाएंगे। आज हालात यह हो गए हैं कि व्यापारियों और जमींदारों का करीब 100 करोड़ सरकार की तरफ बकाया पड़ा है। अगर यही हालात रहे तो अगले 20 दिन भी मण्डी से गेहूं का पूरा उठान नहीं हो सकता। व्यापारी को 46 रुपये आढ़त मिलेगी जबकि 52 रुपये उनके काटे जाएंगे। अब व्यापार मंडल ने फैसला किया है कि जब तक मण्डी से गेहूं के एक-एक कट्टे का उठान नहीं हो जाता, व्यापारी हड़ताल कर अनिश्चितकालीन धरना जारी रखेंगे। अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा तो लाल बत्ती चौक पर जाम लगाया जाएगा व जिला प्रशासन का घेराव किया जाएगा। व्यापारियों ने बताया कि वह लिफ्टिंग के मामले को लेकर एडीसी, एसडीएम, डीएफएससी, वेयरहाऊस व हैफेड के डीएम से मिल चुके हैं लेकिन अधिकारी एसी ऑफिस में बैठकर उन्हें लिफ्टिंग का आश्वासन दे रहे हैं। व्यापार मंडल के उपप्रधान रामनिवास शर्मा ने कहा कि एसी दफ्तरों में बैठकर समस्याओं का समाधान नहीं होता। गेहूं सूख रही है जिसका नुकसान आढ़ती को उठाना पड़ रहा है।

धरने पर बैठे व्यापारियों ने कहा कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता, वह धरना जारी रखेंगे। पता चला है कि वेयर हाऊस के डीएम सुमित कुमार ने धरना स्थल पर आना था लेकिन शाम 5 बजे तक वह नहीं आए। व्यापारियों में इस बात को लेकर रोष था कि चुनाव सिर पर है, लेकिन अधिकारी यहां सरकार की भद पिटवा रहे हैं। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि वह व्यापारियों के साथ हैं और जब तक मण्डी से उठान नहीं होता, धरना जारी रहेगा।


फतेहाबाद। अनाज मण्डी के बाहर धरना देते व्यापारी।


फतेहाबाद। उठान न होने से गेहूं की बोरियों से अटी अनाज मण्डी।

#### एजेंसी अधिकारियों की मनमानी

फतेहाबाद में हरियाणा वेयर हाऊस व हैफेड खरीद एजेंसी ने गेहूं खरीदकर अपने गोदामों में लगाना शुरू किया था। वेयर हाऊस के गोदाम में सरसों भरी पड़ी है। पता चला है कि एफसीआई ने नई अनाज मण्डी में गेहूं लगाने के लिए लिंकेज जारी किया था लेकिन खरीद एजेंसी के अधिकारी यहां गेहूं नहीं लगाना चाहते। व्यापारियों को यह बात समझ नहीं आ रही कि खरीद एजेंसी के अधिकारी चाहते क्या है। यहां के सारे लोकल गोदाम भरे हुए हैं। गेहूं खरीद कर यहां से सदलपुर गोदाम में जा रही है।

#### गेहूं के कट्टे को नमस्ते कर वोट डालने जाएंगे

व्यापार मंडल के सचिव रमेश नागपाल ने कहा कि 2014 में मोदी ने नारा दिया था कि जब आप वोट डालने जाओ तो सिलैण्डर को नमस्ते करके वोट डालने जाएंगे। हम मोदी की बात को मानते हुए इस बार गेहूं के कट्टे को नमस्ते करके वोट डालने जाएंगे।

#### एजेंसियों के पास गोदामों में जगह नहीं

अनाज मंडी में हैफेड के 4 लाख कट्टे व वेयर हाऊस के 2 लाख गेहूं के कट्टे पड़े हुए हैं। इन दोनों एजेंसियों के पास गोदामों में जगह नहीं है। इनमें से डेढ़ लाख बैग रखने के लिए हैफेड किराये पर गोदाम ले रहा है और अढ़ाई लाख बैग सदलपुर भेजे जाएंगे। इसके अलावा वेयर हाऊस अन्य गोदाम लेने के लिए भी प्रयासरत है ताकि गेहूं को गोदामों में लगाया जा सके।
**-यशपाल मेहता**, सचिव मार्किट कमेटी फतेहाबाद

## मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें


रतिया। सेक्टर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते तहसीलदार।

- नायब तहसीलदार ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया**

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी जगदीश चन्द्र के दिशा निर्देशानुसार नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने वीरवार को सेक्टर ऑफिसर एवं अन्य चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें। नायब तहसीलदार ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपडेट रहे और बूथों को अच्छी तरह से चेकिंग करें। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रबंध पूरे किये जाए। 14 व 15 मई को ट्रायल रन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर गिरीश कुमार जूनियर प्रोग्रामर सरल केंद्र ने रतिया विधानसभा के सभी सेक्टर ऑफिसर को पोल डैशबोर्ड ऐप में मतदान से पूर्व दिन और मतदान के दिन होने वाली एक्टिविटी के बारे में ट्रेनिंग दी गई। पोलिंग पार्टी के बूथ पर पहुंचने से लेकर ईवीएम जमा होने तक की एक्टिविटी सभी सेक्टर ऑफिसर अपने मोबाइल में इंस्टॉल पोल डैशबोर्ड ऐप से भरेंगे। इस मौके पर सेक्टर अधिकारी प्रवीन कुमार, गुरनाम चंद, सुरेंद्र, राजेंद्र कुमार, वरुण कुमार, सुशील कुमार, सतीश चन्द्र, राकेश कुमार, कुलदीप सिंह, अमनदीप सिंह, विजय कुमार, सोनू आदि उपस्थित रहे।

## लाखों के डोडा पोस्त में हिस्सेदारी करने वाला फाइनेंसर दबोचा

- चार दिन के रिमांड पर लिया

**सिरसा।** हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सिरसा यूनिट को गांव रूपाणा गंजा के सरकारी स्कूल से करीब 25 लाख रुपये की 400 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यूनिट सिरसा इं चा ज इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि आरोपों की पहचान राजेश कुमार उर्फ दारा पुत्र रामचंद्र निवासी बनमंदोरी जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी के ऊपर पहले भी एक दर्जन के लगभग अवैध शराब बेचने के मुकदमे दर्ज है व इस डोडा पोस्त तस्करी के मामले में पहली बार फाइनेंशली हिंसादारी की थी। हरियाणा में नशे का व्यापार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




### सरकार की प्राण वायु देवता योजना को लगा ग्रहण

# विद्यालय में हरे पेड़ों पर चलाई आरी

- बीईओ ने जांच के लिए गठित की तीन सदस्यीय कमेटी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल**

शिक्षा गुरुओं द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को पौधरोपण कर पर्यावरण व हरियाली के लिए जागृत किया जाता हैं, लेकिन क्षेत्र में एक शिक्षा मंदिर में अध्यापकों की नाक के तले ही हरे पेड़ों पर आरी चलाकर पेड़ों की बलि देने का मामला सामने आया है। गांव रुपावली स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में खड़े हरे-भरे पेड़ काट डाले गए हैं। इन पेड़ों को किस अधिकारी ने कटवाया यह सब जांच का विषय है, मगर इससे सरकार की प्राण वायु देवता योजना को पलीता लगा है। ग्रामीणों द्वारा कुछ दिन पहले इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को दी थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अब डीईओ ने खंड शिक्षा अधिकारी को गांव रुपावली में जोर जबरदस्ती कर काटे गए हरे पेड़ों के मामले की जांच के लिए खंड स्तरीय जांच कमेटी गठित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। जाखल के बीईओ ने राजकीय कन्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल के प्रधानाचार्य राममेहर, राजकीय उच्च विद्यालय के मुख्याध्यापक परमिंदर सिंह व महान मिशन पब्लिक स्कूल के इंग्लिश पीजीटी विनोद कुमार की तीन सदस्य कमेटी गठित कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बारे में पत्र प्रेषित किया है। ग्रामवासी तेलू राम, गुरदीप, सीताराम, सुखदेव आदि ग्रामीणों ने इसकी जांच कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा मिलाभगत कर हरे भरे पेड़ों में आरी चलाई हैं। हरे पेड़ों को इसलिए काटा जाता है क्योंकि सूखे पेड़ों की बजाए हरे पेड़ों में वजन ज्यादा होता है। वजन ज्यादा होने के कारण उनको बेचते समय दाम भी अधिक मिलता है।

#### क्या कहते हैं खंड शिक्षा अधिकारी

खंड शिक्षा अधिकारी जाखल सुभाष भांभू ने बताया कि गांव रुपावली में हरे पेड़ काटने की जांच के लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर तीन सदस्य कमेटी का गठन किया है। ये टीम कल ही विद्यालय में जाकर जांच करेगी। जांच में यदि कोई दोषी पाया गया तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।

#### अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली

गांव रूपावाली में हरे पेड़ काटने के संबंध में उनके पास अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है। यदि ऐसी कोई शिकायत आती है तो उसकी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
**-कश्मीर सिंह**, वन रेंज अधिकारी टोहाना।



हर बच्चे की जिंदगी में उसकी मां बहुत बड़ी जगह रखती है। मां के बिना उसकी जिंदगी सूनी है। मां है तो उसके जीवन में बहार है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** को बता रहे हैं, उनकी मां उनके लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं, उनका सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे कौन सा रहा, इस स्पेशल-डे पर ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

# मेरी मां मेरी दुनिया

## वह मेरी हिम्मत-ताकत और पहचान हैं : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। 'मदर्स-डे' का जिक्र आते ही सबसे पहले वह यही बताती है कि उसके लिए उसकी मम्मी कितना महत्व रखती हैं। जारा बताती है, 'मेरी मां मेरी जिंदगी हैं। वह मेरी हिम्मत, ताकत और मेरी पहचान हैं। उनका पूरा दिन मेरी देखभाल करने में बीतता है, मुझे शो की शूटिंग और अपनी पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाने में वह मेरी बहुत हेल्प करती हैं। मैं उनके बिना एक दिन की भी कल्पना नहीं कर सकती।' जारा के लिए उसका अब तक का सबसे यादगार मदर्स-डे कौन-सा था, पूछने पर वह बताती है, 'मेरे लिए सबसे यादगार मदर्स-डे वह था, जब हम भाई-बहनों ने मां को घर पर बनाई ब्रंच के साथ सरप्राइज दिया था। हमने डाइनिंग टेबल को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया। जब मां टेबल के पास आईं, तो यह सब देखकर उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। हम सभी ने एक साथ टेस्टी खाने का आनंद लिया।' इस बार जारा की मदर्स-डे के लिए क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैंने मदर्स-डे के लिए अपनी ड्रॉइंग टीचर की मदद से मम्मी के लिए एक सुंदर-सा मदर्स-डे ग्रीटिंग कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। उस दिन घर के सारे काम मैं करूंगी ताकि मम्मी आराम कर सकें। शूटिंग के दौरान, हम सभी चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मांओं को एक बड़े केक के साथ सेट पर अचानक सरप्राइज देंगे।' जारा कहती है, 'मैं आज जो कुछ भी हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान मेरी मम्मी का है। मैं उनको हर बात के लिए 'थैंक यू' कहना चाहती हूं।'*

## थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए : शीहान कपाही

**आजकल शीहान** कपाही ने सोनी सब चैनल पर प्रसारित हो रहे शो 'वागले की दुनिया' में अथर्व वागले के रोल में दर्शकों का दिल जीत रखा है। उसके लिए उसकी मां उसकी दुनिया है। वह बताता है,'मेरी मां मेरे लिए सब कुछ हैं। वह मेरे साथ हर हाल में खड़ी रहती हैं। मैं उनसे अपनी हर बात शेयर करता हूं। उनके प्यार और मार्गदर्शन ने मुझे वो बनाया, जो मैं आज हूं।'



शीहान अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे याद करते हुए बताता है, 'दो साल पहले की बात है। मदर्स-डे के दिन अपनी मां के लिए, नाश्ता बनाकर मैंने उन्हें सरप्राइज दिया था। सुबह जल्दी उठकर, अपने पापा की हेल्प से मैंने उनका पसंदीदा नाश्ता तैयार किया। जब हमने उनके सामने डोसा के साथ ताजे नारियल की चटनी रखी तो वह इसकी खुशबू से खिल उठीं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। इससे पहले मैंने पंखे पर कुछ फूलों की पंखुड़ियां रख दी थीं, ताकि जब वह कमरे में आएं और पंखा चले तो पूरा कमरा उनके स्वागत में फूलों की पंखुड़ियों से भर जाए।' इस साल शीहान अपनी मां के लिए क्या स्पेशल प्लान कर रहा है, वह बताता है, 'मैं मां को मॉल में शॉपिंग के लिए ले जाऊंगा या फिर घर पर उनकी कोई पसंदीदा फिल्म टीवी पर लगा दूंगा। साथ ही मैं उनके लिए कुछ स्पेशल भी करना चाहता हूं, जैसे हाथ से बना कार्ड या हमारे पसंदीदा यादों की एक स्क्रैप-बुक बनाऊंगा। लेकिन सबसे अधिक मैं उन्हें यह बताने के लिए एक्साइटेड हूं कि मां आप मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट हैं। मैं सचमुच आपकी बहुत कद्र करता हूं। आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। मैं अपनी मां के रूप में आपको पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए, मुझ पर विश्वास करने के लिए।'*

## उनके बिना मेरा जीवन अधूरा है : व्योम ठक्कर

**व्योम ठक्कर** ने एंड टीवी के शो 'अटल' में यंग अटल का रोल प्ले करके एक अलग ही धाक जमा ली है। मदर्स-डे के मौके पर वह अपनी मां के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए बताता है, 'मेरी मां की मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं उनके लव और सपोर्ट के लिए हमेशा उनको 'थैंक यू' कहता हूं। मेरी मां, मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती हैं। वो इस बात का भी ध्यान रखती हैं कि मैं अपने एक्टिंग करियर और पढ़ाई, दोनों में बेहतर परफॉर्म करूं। दोनों के बीच तालमेल बैठाने में मां मेरी पूरी मदद करती हैं। उनके प्यार और देखभाल की कोई सीमा नहीं है।'



व्योम अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे भी बताता है, 'एक साल मदर्स -डे पर मैंने मां को एक प्यारा सा पत्र लिखा था, जिसमें मैंने उन्हें बताया था कि वह मेरे लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं। उसके बाद मैंने उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दिया था। बाद में हम एक साथ रेस्तरां में डिनर करने गए थे। उस दिन मां के साथ बिताया गया पल मेरे लिए बहुत ही मेमोरेबल है।' इस साल मदर्स-डे को व्योम कैसे स्पेशल ढंग से सेलिब्रेट करेगा, वह बताता है, 'इस बार का मदर्स-डे और भी खास बनाने के लिए मैंने प्लानिंग कर रखी है। सबसे पहले मैं मां की पसंदीदा डिशेज बनाने की सोच रहा हूं। उन्हें फिल्में देखना बहुत पसंद है, हम एकसाथ फिल्म देखने जाएंगे या फिर बाहर घूमने जाएंगे। इसके अलावा मैं उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दूंगा। ये सभी प्लानिंग्स मुझे उनके साथ समय बिताने का अवसर देंगी।' व्योम अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेगा, पूछने पर कहता है, 'मां, मैं आपसे कहना चाहूंगा, आप मेरे लिए सबसे इंपॉर्टेंट हैं। मैं आज जो कुछ भी हूं, आपके लव, केयर और सपोर्ट से हूं। मेरी लाइफ को मीनिंगफुल बनाने के लिए थैंक यू मां!'*

प्रस्तुति:हरिभूमि फीचर्स

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मौका मदर्स-डे का हो तो यह बनता ही है कि अपनी मम्मी को कुछ स्पेशल फील कराया जाए, उन्हें खुशी दी जाए। हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, जिनसे तुम मदर्स-डे को मेमोरेबल बना सकते हो।

# मम्मी को फील कराओ स्पेशल



बच्चों, हमारी जिंदगी में मां बहुत ही महत्व रखती हैं। मां हमारा बहुत ज्यादा ध्यान रखती हैं ताकि हमें कोई तकलीफ ना हो, हम हमेशा खुश रहें। हमें जरा-सी तकलीफ हुई नहीं कि हमारी मांएं परेशान हो जाती हैं, तुरंत ही हमारी परेशानी को दूर करने में जुट जाती हैं। जब तक हमारी परेशानी दूर नहीं होती, उन्हें चैन नहीं पड़ता।

बच्चों, जिस तरह मां हमारी इतनी चिंता करती हैं, हमारी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती हैं, उनके प्रति हमारे भी कुछ दायित्व हैं, जिम्मेदारी है कि हम भी उनका पूरा ध्यान रखें। उन्हें कभी कोई तकलीफ नहीं होने दें। हम हर दिन तो उनका ख्याल रखें ही, लेकिन जब 'मदर्स-डे' जैसा अवसर आए तो हम उन्हें कुछ स्पेशल भी फील कराएं।

**अपनी फीलिंग्स ऐसे करो एक्सप्रेस:** बच्चों, मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी के लिए तुम्हारी जो भी फीलिंग्स हैं, उन्हें एक कागज पर लिख लो। उनके लिए तुम कोई प्यारी-सी कविता भी लिख सकते हो या फिर मदर्स-डे की थीम पर कोई ड्रॉइंग, पेंटिंग बना सकते हो। इसे मदर्स-डे की सुबह-सुबह चुपके से मम्मी के तकिए के नीचे या फिर किसी ऐसी जगह रख दो कि सोकर उठते ही मम्मी की नजर सबसे पहले इसी पर पड़े। तुम्हारा यह 'सरप्राइज मैसेज' तुम्हारी मम्मी को बहुत ही प्यारा लगेगा।

**दो प्यारा-सा गिफ्ट :** बच्चों, मदर्स-डे के स्पेशल ऑकेजन पर आजकल मार्केट में तरह-तरह के गिफ्ट आइटम्स और कार्ड्स अवेलेबल होते हैं। तुम अपनी पॉकेट मनी से अपनी मम्मी के लिए कोई प्यारा-सा गिफ्ट या कार्ड खरीद कर उन्हें दे सकते हो। लेकिन ज्यादा अच्छा यह होगा कि तुम अपने हाथों से कोई गिफ्ट या कार्ड बनाकर उन्हें दो। मम्मी को तुम्हारे हाथों से बनाया हुआ गिफ्ट मार्केट से खरीदे हुए गिफ्ट से अधिक पसंद आएगा।

**मम्मी को दो पूरा आराम :** बच्चों, हर रोज सुबह से लेकर रात तक तुम्हारी मम्मी के पास बहुत सारे काम रहते हैं। मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी को घर का कोई भी काम मत करने दो। सुबह से लेकर रात तक के सारे कामों की जिम्मेदारी तुम लो। मदर्स-डे के दिन मम्मी से बोलो, 'आज आप आराम करें, एंज्वॉय करें।' घर के कामों में अपने भाई-बहन की भी हेल्प ले सकते हो। मदर्स-डे के दिन अपने हाथों से बनी कोई स्पेशल डिश अपनी मम्मी को जरूर खिलाओ। इसे खाकर उन्हें मजा आएगा।*

### अपनी दादी-नानी मां को भी करो विश

बच्चों, अगर तुम्हारी दादी मां तुम्हारे साथ रहती हैं, तो मदर्स-डे पर तुम उन्हें भी विश करो, यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा की मम्मी हैं, वह भी सबके प्यार और सम्मान की हकदार हैं। अगर दादी मां तुम्हारे साथ नहीं रहती हैं तो तुम उन्हें कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो। उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। बच्चों, सिर्फ दादी मां को ही नहीं, अपनी मम्मी की मम्मी यानी नानी मां को भी मदर्स-डे पर विश करो। जब तुम उन्हें 'हैप्पी मदर्स-डे' बोलोगे तो वह बहुत ज्यादा खुश होंगी, निहाल हो जाएंगी।

## जीके क्विज- 103

1.किस विश्व प्रसिद्ध धावक को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ब्रैंड एंबेसेडर बनाया गया है?
2.हाल ही में बिस्का जात्रा (बिस्किट यात्रा) महोत्सव-2024 किस देश में आयोजित हुआ?
3.भारतीय संसद की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी आवश्यक हैं?
4.कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
5.जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
6.कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7.'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
8.बल का मात्रक क्या होता है?
9.गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
10.'गीतांजलि' किसकी रचना है?



**बच्चों, जीके क्विज-103 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-102 का उत्तर :** 1.एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, 2.आईजीआई एयरपोर्ट-दिल्ली, 3.इंडोनेशिया, 4.बृहस्पति, 5.साइरस (डॉग स्टार), 6. मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.दूसरा, 8.प्लेटिनम, 9.बछेंद्री पाल, 10.मेगस्थनीज

**जीके क्विज-102 का सही उत्तर देने वाले:** यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, मानवी मधुकर-बिलासपुर, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान- अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, प्रिया-दुर्ग, नेहा–सुरजपुर, कबीर-हिसार, पृथ्वीराज,मुस्कान- ईमेल से

## हंसगुल्ले

**चिंटू** : मिंटू बताओ, अक्ल बड़ी या भैंस?
**मिंटू** : पहले दोनों की डेट ऑफ बर्थ बताओ, फिर बताऊंगा।

-चांदनी, दुर्ग

**पिंकी** : मम्मी, मैं टीवी देखते-देखते होमवर्क कर लूं?
**मम्मी** : हां, ठीक है! लेकिन टीवी ऑन मत करना।

-रचित, जींद

**अंकल (रोहित से)** : बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
**रोहित** : अंकल, मैं उन्हें नाम से नहीं बुलाता हूं। बस प्यार से पापा ही कहता हूं।

-आकाश, रायपुर



**सोनू** : विटामिन सी सबसे ज्यादा किस सब्जी या फल में पाया जाता है?
**मोनू** : हरी मिर्च में।
**सोनू** : तुम्हें कैसे पता?
**मोनू** : क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।


-रानी, भोपाल

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

क्लास में नेहा मैडम ने बच्चों से पूछा कि वे इस बार मदर्स-डे पर अपनी प्यारी मां के लिए क्या स्पेशल करेंगे? सभी बच्चों ने एक-एक करके अपनी प्लानिंग बताई, लेकिन रागिनी खामोश रही। उसकी आंखों में आंसू थे। उसकी आंखों में आंसू क्यों थे? क्या वह मदर्स-डे सेलिब्रेट नहीं कर पाई?

# सारे जग से न्यारी... मां



नेहा मैडम ने क्लास में इंट्री की। उनके हाथ में पहेली का एक कार्ड था। क्लास के बच्चों को समझते देर न लगी कि कोई खास दिवस आने वाला है। जब भी कोई स्पेशल-डे आने को होता, नेहा मैडम पहेली बूझती हैं। इस बार नेहा मैडम ने जो पहेली पूछी, उसकी चारों पंक्तियों में एक ही शब्द भरना था। नेहा मैडम ने बच्चों से पहेली पूछना शुरू किया, 'सारे जग से न्यारी... , ममता भरी पिटारी..., सचमुच बहुत दुलारी..., सब बच्चों को प्यारी...।'

'मां... मां... मां... मां।' सारे बच्चे एक साथ बोले।

मैडम हंसीं, पूछा, 'क्या बता रहे हो? मामा या मां..?'

'मां!' बच्चों ने फिर एक-साथ उत्तर दिया। मैडम खुशी से बोलीं, 'हम्म्म...वैरी गुड!' फिर उन्होंने पूछा, 'तो बताओ, मां के लिए तुम लोग मदर्स-डे पर क्या स्पेशल करने वाले हो?'

एक बार फिर सारी क्लास में शोर गूंज उठा। हर बच्चा जोर-जोर से बोलने लगा। मैडम ने समझाया, 'ऐसे नहीं, एक-एक कर बताओ।' आगे से एक-एक कर बच्चे 'मदर्स-डे' को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बताने लगे। कुंज बोला, 'मैं तो उस दिन अपनी मम्मी को एक प्यारा-सा कार्ड बना कर दूंगा।' माधव ने कहा, 'मैं तो पापा से कह कर मम्मी की मनपसंद मिठाई मंगवाऊंगा। मम्मी के साथ खुद भी खाऊंगा।' एलिस बोली, 'मैं तो मम्मी के हाथों पर मेहंदी लगाऊंगी। मैं बहुत अच्छी मेहंदी लगाती हूं।' पुष्कर ने कहा, 'मैं तो मम्मी के काम में उनकी हेल्प करूंगा।'

अगला नंबर रागिनी का था। लेकिन वह तो चुप और खोई-खोई सी बैठी थी। जैसे इस क्लास में हो ही नहीं। उसके बगल में बैठी सुधा ने उसे हिलाया, 'बोलो-बोलो रागिनी, तुम क्या करोगी?'

रागिनी ने जैसे सुना ही नहीं। पता नहीं वह क्या सोच रही थी। मैडम उसके पास आईं और पूछा, 'क्या हुआ रागिनी, मदर्स-डे पर तुम क्या करने वाली हो?'

रागिनी की आंखों में आंसू छलक आए। धीमे से बोली, 'मैडम, मेरी मम्मी बहुत बीमार हैं। वो अस्पताल में एडमिट हैं। उनके न होने से घर में बहुत प्रॉब्लम्स हो रही हैं। घर में खाना नहीं बन रहा है, बाहर से आ रहा है।' रागिनी ने यह भी बताया कि उसे मम्मी से मिलने अस्पताल भी नहीं जाने दिया गया। वह स्कूल के बाद पापा के वापस आने तक घर में अकेली ही रहती है।

नेहा मैडम ने रागिनी को समझाया, 'चिंता मत करो बेटे, सब ठीक हो जाएगा।'

छुट्टी के बाद रागिनी घर पहुंची। मम्मी के बिना घर कितना अजीब-सा लग रहा था। दीवारें जैसे रो रही थीं। उसके स्कूल से आते ही कैसे मम्मी झट से किचेन में जाती थीं। उसकी मनपसंद चीजें बनाकर उसे खिलाती थीं। रागिनी ने देखा, सारा घर कैसा अस्त-व्यस्त है।

असल में मम्मी का ब्लड प्रेशर लो हो गया था। चक्कर खाकर गिर गई थीं। वैसे भी वह बहुत दुबली और कमजोर हैं। अपना ध्यान ही कहां रख पाती हैं। हर वक्त बस काम में जुटी रहती हैं। रागिनी को लग रहा था, जैसे मम्मी की बीमारी में वह भी कसूरवार है। वह कब काम में मम्मी की हेल्प करती है? कब उनका हाथ बंटाया? स्कूल से आकर कैसे वह अपना सामान बिखरा देती है। सब मम्मी ही तो समेटती हैं। खाना खाकर बर्तन वॉश-बेसिन तक नहीं ले जाती। वह भी मम्मी ही उठाती हैं। इतनी बड़ी हो गई, लेकिन जुराब, टाई, ड्रेस सब कुछ मम्मी से ही मांगती है। मम्मी तो कभी आराम नहीं करती हैं। रागिनी मन ही मन शर्मिंदा हो रही थी। वह चुपचाप उठी और किचेन में जाकर बर्तन धोने लगी, फिर बिस्तर ठीक किया। बिखरा सामान समेटा। मम्मी को याद करते हुए बार-बार उसकी आंखें भीग जातीं। बार-बार उसे सुबकाई आ रही थी। वह मन ही मन बोली, 'सॉरी मम्मी...।'

तभी पापा आ गए। रागिनी को देखकर बोले, 'अरे! तुम यह सब क्या कर रही हो?' पापा कब आ गए, उसको पता ही नहीं चला। रागिनी ने पापा के सवाल पर भी ध्यान नहीं दिया। हां, खुद उनसे पूछा, 'पापा, अब कैसी हैं मम्मी?'

'चलो, मिलो न उनसे। ड्राइंगरूम में हैं। नानी भी आ गई हैं।' पापा ने बताया।

रागिनी खुशी से झूम उठी। वह भागकर ड्राइंगरूम में गई और जाकर मम्मी से लिपट गई। रागिनी ने उनसे कुछ कहा नहीं, फिर भी जाने क्यों उसे ऐसा लग रहा था, मम्मी उसके मन की सारी बातें समझ गई हैं। रागिनी नानी से बोली, 'नानी..नानी! आप मुझे मेरी मम्मी के बचपन की बातें बताएंगी न?' नानी हंसकर बोलीं, 'हां-हां, क्यों नहीं! तेरी मम्मी तो बचपन में बहुत अच्छी थीं, मेरा बहुत ध्यान रखती थीं।'

रागिनी धीरे-से बोली, 'मैं भी अपनी मम्मी का खूब ख्याल रखूंगी।' ऐसा कहते हुए उसने एक प्यारी-सी, मीठी-सी पप्पी नानी के झुर्रियों वाले गाल पर जड़ दी।*

कविता

सूर्य कुमार पांडेय




## मां से बढ़कर कौन महान

मां ने हमको जन्म दिया है,
पाल-पोस कर बड़ा किया है।
मां का आंचल सुख की छाया,
मां ने हम पर प्यार लुटाया।
मां रखती बच्चों का ध्यान,
मां से बढ़कर कौन महान!
मां है ममता का अवतार,
भूलें कभी न यह उपकार।
बहुत बड़ी हो जाऊंगी जब,
अपना फर्ज निभाऊंगी तब।
मां को कभी नहीं भूलूंगी,
उनका पूरा ध्यान रखूंगी।
बहुत बड़ा हो जाऊंगा जब,
मां का कर्ज चुकाऊंगा तब।
उनको अपने साथ रखूंगा,
मां की सेवा रोज करूंगा।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट अंतर खोजो।



उत्तर : [illegible]


## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित अपनी मम्मी को बुके देकर मदर्स-डे विश करना चाहता है। हर्षित की मम्मी एक भूल-भुलैया में कहीं छिपकर उसको आवाज दे रही हैं। तुम जल्दी से रास्ता खोजकर हर्षित को उसकी मम्मी तक पहुंचने में मदद तो करो।



## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर:A-1, B-2, C-4, D-3

## खबर संक्षेप



### प्रवेश सिंगला ने किया भाई कन्हैया आश्रम का दौरा

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने वीरवार को भाई कन्हैया आश्रम का दौरा किया। उन्होंने आश्रम के रसोई घर, सफाई व्यवस्था व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौकेपर आश्रम में रह रहे लगभग 397 महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग, बच्चे मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री 14 मई को माधोसिंघाना आएंगे

**सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 14 मई को सुबह 10 बजे ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव माधोसिंघाना के स्टेडियम में विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा की जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे और भाजपा का संकल्प पत्र जनता के समक्ष रखेंगे।

### कर्मचारियों ने गेहूं लोन जारी करने की मांग की

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन ने उपायुक्त को प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर सभी विभागों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ब्याजमुक्त गेहूं लोन तुरंत जारी करने की मांग की है। इसको लेकर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल आज जिला प्रधान विनोद कुमार भड़ोलांवाली के नेतृत्व में डीसी से मिलने पहुंचा। उनके साथ राजकुमार भट्टूकलां, सुखदेव सिंह सचिव, जग्गा राम टोहाना सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने लगाया जांच शिविर

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की शाखा अस्पताल कल्याण अनुभाग द्वारा वीरवार को न्यू लाईफ केयर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आने वाले रोगियों की हृदय, शुगर एवं अस्थमा की जांच की गई, जिसमें शुगर व ई.सी.जी. टेस्ट की सुविधाएं प्रदान की गई। शिविर में 65 रोगियों का चेकअप किया गया तथा उन्हें दवाइयां भी प्रदान की गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि इस शिविर में रोगियों की एचबी, शूगर जांच निःशुल्क हुई।

### भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम 11 को

**नारनौंद।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर नारनौंद के पेटवाड़ मोड़ पर स्थित निर्माणाधीन भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में शनिवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि के तौर पर वित्त मंत्री जेपी दलाल पहुंचेंगे। विधायक रामकुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि, समाजसेवी सतवीर पोटलिया, दिल्ली से आप विधायक पवन कुमार शर्मा, हरी निवास शांडिल्य, ओमप्रकाश माजरा, सतीश गौतम, केसी शर्मा, टीकाराम शर्मा, अनिल शर्मा, महेश शर्मा कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचेंगे।

## पीने के पानी पर सब्जी लगाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई


# विभाग की टीम ने हड़ौली में किया सर्वे, दो घरों की सब्जी उखाड़ी

**जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ जल मुहैया करवाए जाने की विशेष योजना तैयार : लाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी के मौसम में पानी की कमी को देखते हुए विशेष योजना तैयार की है। घरों में पीने के पानी पर सब्जी व हरा चारा लगाने व सर्विस स्टेशन चलाने वालों के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वीरवार को जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव हड़ौली में हरा चारा, सब्जी के कनेक्शनों को चेक किया। इस दौरान 2 घरों की सब्जी मौके पर उखड़वाई गई व पूरे गांव में सर्वे के लिए टीम लगाई गई। सर्वे के बाद जिन भी घरों में हरा चारा सब्जी, बिना नलों के कनेक्शन चल रहे हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने हड़ोली में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ जल मुहैया करवाया जाएगा। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए, इसको लेकर सभी प्रबंध किए जा रहे हैं।



**फतेहाबाद।** गांव हड़ौली में पीने के पानी के कनेक्शन पर लगी फसल को उखड़वाते अधिकारी।

### पीने के पानी में सब्जी उगाने से गांव के कुछ घरों में दिक्कत

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है, जिस कारण गांव के कुछ घरों में पीने का पानी नही पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी। जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से भी अपील है कि इस संबंध में विभाग की मदद करें, ताकि जल्दी फतेहाबाद जिले के सभी घरों में पीने का पानी उपलब्ध हो सके। इस दौरान गांव में शर्मा चंद लाली, छोटू राम, दुर्गेश कुमार कनिष्ठ अभियन्ता, विक्रम सिंह खंड संयोजक, मनी सिंह, राम, राकेश कुमार आदि कर्मचारियों की टीम ने गांव में हरा चारा सब्जी के कनेक्शनो को चेक किया। इस दौरान 2 घरों की सब्जी मौके पर उखड़वाई व पूरे गांव में सर्वे के लिए टीम लगाई गई। सर्वे के बाद जिन भी घरों में हरा चारा सब्जी, बिना नलों के कनेक्शन चल रहे हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ साथ विभाग के कर्मचारी गांव-गांव जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई, ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी इस अभियान के दौरान चिह्नित करके ठीक करवाया जाएगा।

# रिक्त पदों पर किया पदाधिकारियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक में मौजूद कर्मचारी।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सुखदेव सिंह यूनिट प्रधान सब अर्बन की अध्यक्षता में वीरवार को सर्कल सिरसा में मीटिंग हुई। इस अवसर पर रिक्त पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें गुलबाग सिंह एएसएसए जीवननगर को सब अर्बन यूनिट प्रधान व विजय सिंह एएसएसए सब अर्बन सब यूनिट से वरिष्ठ उपप्रधान यूनिट व सिटी यूनिट की ओर से मीतचंद को सिटी यूनिट का प्रधान सहमति से चुन लिया गया। चुने गए पदाधिकारियों को मदनलाल सर्कल सचिव ने कर्मचारियों व जनता के हित में काम करने की शपथ ग्रहण करवाई। चुने गए पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि कर्मचारियों और जनता के हित में काम करेंगे, जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह ईमानदारी से काम करेंगे। सुखदेव सिंह सवना रा'य प्रेस सचिव व राजेश भाकर सीसी मेंबर ने बताया कि सरकार का कर्मचारियों की तरफ कोई ध्यान नहीं है। हर वर्ग दुखी है। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर हरिकिशन, कुलदीप शर्मा, शीशपाल, सतबीर कुंडू, नरेश कुमार, रामप्यारे, खुशीराम सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

# श्री हनुमंत फाउंडेशन के स्टाफ ने ली मतदान शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री हनुमंत फाउंडेशन सिरसा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपने कर्मचारियों, मरीजों तथा आमजन में जागरूकता पैदा करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत फाउंडेशन के कर्मचारियों, रोगियों तथा अन्य लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि वोट देना हमारा अधिकार भी है और दायित्व भी है। उन्होंने सभी को शपथ दिलाई कि मतदान वाले दिन अपने मत का प्रयोग निर्भीक होकर, बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए, बिना किसी के बहकावे में आए अपनी सोच अनुसार करेंगे। मित्तल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान सबसे जरूरी है। आपका एक-एक मत कीमती है। क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने वाले व आमजन के सुख-दुख में काम आने वाले उम्मीदवार को ही मतदान करें।

कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण अरोड़ा, संरक्षक एमपी गर्ग, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. पूनम असीजा, डॉ. मोनिका अरोड़ा, बसंत अरोड़ा, मनमोहन धिंगड़ा, तरुण, संतोष, राजेश शर्मा, रवि, सुमन मित्तल तथा अन्य ने शपथ ली कि वे अपने वोट के अधिकार का प्रयोग अपने विवेक से करेंगे।

### गांव मतूवाला में योग व स्वास्थ्य जागरूकता

**सिरसा।** जिला के गांव मतूवाला में योग व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योगाभ्यास करवाने के साथ-साथ योग के फायदे बताए गए। इस दौरान 60 से 'यादा ग्रामवासियों के बीपी व शुगर की जांच की गई। योग के नियम बताए गए और आहार विहार, दैनिक दिनचर्या के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। शिविर का शुभारंभ गांव के सरपंच वीरेंद्र कुमार सहारण ने किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच बनवारी सहारण, राजाराम, महावीर सहित कई ग्रामीणों ने योग्य अभ्यास व स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर में आयुर्वैदिक डॉक्टर राजेश सिंगाठिया, फार्मासिस्ट ब्लॉक कोऑर्डिनेटर तरसेम, प्रयोगशाला सहायक सुमन कुमार, निर्मल रीटा, रोशनी ने योगाभ्यास करवाया।

# बेहतर शोध सुविधाएं प्रदान करने के दिए निर्देश

- समाज हित को ध्यान में रख करें शोध विषय का चयन : प्रो . मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन को यूनिवर्सिटी आईटी, डाटा एंड कंप्यूटर सेंटर (यूआईटीडीसी) के भवन में शिफ्ट करने का फैसला लिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक ने वीरवार को यूआईटीडीसी भवन का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को बेहतर शोध सुविधाए प्रदान करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रोफेसर मलिक ने कहा कि शोधार्थियों को अपने शोध विषय का चयन समाज की विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करना चाहिए। अच्छे शोध परिणाम शैक्षणिक जगत के साथ-साथ समाज को भी एक दिशा व दशा प्रदान करने का कार्य करते हैं।

### सेंसस का उद्देश्य जनगणना संबंधी जानकारियां उपलब्ध करवाना

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन का उद्देश्य हरियाणा और पंजाब के आसपास के राज्यों में रह रहे रिसचर्स के लिए सूक्ष्म व सभी मूलभूत जनगणना संबंधी जानकारियां उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि कुछ जानकारियां ऐसी भी हैं जिन्हें व्यक्तिगत तौर पर कमेटी से आज्ञा प्राप्त करने के बाद रिसर्च वर्कस्टेशन से रिसचर्स प्राप्त कर सकते हैं। सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन के नोडल ऑफिसर डॉ. रोहतास ने बताया कि यह विश्वविद्यालय हेतु एक नई व एक बेहद गौरवान्वित कर देने वाली पहल थी और गत वर्ष विवेकानंद पुस्तकालय के बेसमेंट में चल रहा था। उन्होंने कहा कि नए भवन में शिफ्ट होने से अधिक स्कॉलर्स को आमंत्रित किया जाएगा कि वे विश्वविद्यालय सेंसस डाटा रिसर्च वर्कस्टेशन पर आकर इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्कस्टेशन के माध्यम से जनगणना संबंधी आंकड़े शोधार्थियों को प्रदान किए जाते है जो कि उनके शोध कार्य को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होते हैं। इस अवसर पर यूआईटीडीसी के निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार, कार्यकारी अभियंता राकेश गोदारा, एसडीओ रजत कुमार, जेई परवीन कुमार, जेई हनुमान दास उपस्थित थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहाबाद।** गांव खाबड़ा में एक कार की टक्कर से बाईक सवार ज्वैलर घायल हो गया। उसे फतेहाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में नोहर निवासी राजकुमार ने कहा है कि उसकी नोहर में ज्वैलर्स की दुकान है। गत दिवस वह नोहर से फतेहाबाद के गांव खाबड़ा जा रहा था। जैसे ही वह खाबड़ा गांव में चौक के पास पहुंचा तो एक आल्टो कार के चालक ने कार को एकदम रोक लिया। जब वह कार को क्रॉस करने लगा तो इसी दौरान कार चालक ने लापरवाही बरतते हुए एकदम कार को तेज स्पीड में मोड़ दिया जिससे कार उसके मोटरसाइकिल से जा टकराई। हादसे में उसे काफी चोटें आई।

# पर्यावरण पंचायत में शामिल हुई महिलाएं

- पर्यावरण को बचाने के लिए धरा पर लगाएंगे ज्यादा से ज्यादा पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पंचायतों के इतिहास में एक नई शुरुआत मोठ गांव के पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने की है। इस पंचायत में महिलाओं की भागीदारी ने भी चार चांद लगा दिए। महिलाओं ने पर्यावरण को बचाने के लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करने के लिए शपथ ली। गांव मोठ में स्टैंड विद नेचर के अभियान में महिलाएं भी शामिल हो रही है। शुरुआत में महिलाएं किसी भी कार्यक्रम में कम संख्या में पहुंचती हैं लेकिन जागरूकता के बाद महिलाएं जिस कार्य को हाथ में लेती हैं उसको पूरा होने तक पीछे नहीं हटती। महिलाओं ने पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने के लिए जो मुहिम शुरू की है उसको और आगे बढ़ा जाएगा। महिलाओं ने बताया कि हमारे जीवन में हम पहली बार किसी पंचायत का हिस्सा बनी है। ये हमारे लिए एक अलग ही अनुभव था। क्योंकि पंचायत में हमेशा पुरुष ही भाग लेते थे लेकिन गांव के कुछ युवाओं ने पर्यावरण बचाने की मुहिम शुरू करके धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए कार्य कर रहे हैं। जिसके तहत सैकड़ों पेड़-पौधे लगाए जा चुके हैं।



**नारनौंद।** पर्यावरण पंचायत में लोगों को जागरूक करती हुई महिलाएं।

# शिक्षा मंदिर शर्मसार, स्कूल इंचार्ज करता था बेड टच, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज. डबवाली।

विद्या के मंदिर को शर्मसार करने वाला एक मामला डबवाली में हुआ है। यहां एक प्राथमिक पाठशाला में विद्यालय इंचार्ज द्वारा कुछ बच्चियों के साथ बेड टच का मामला डबवाली पुलिस तक पहुंचा है। डबवाली महिला पुलिस थाना में आरोपी अध्यापक बलबीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पीड़ित बच्चियों के अभिभावकों का आरोप है कि अध्यापक बुरी नीयत से बच्चियों को टच करता था। बच्चियों ने इस बारे में अपने घर पर बताया। इसके बाद कुछ अभिभावक शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने संज्ञान लिया और मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी अध्यापक बलबीर पर मामला दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले के बारे में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाया है। बीईओ लक्ष्मण दास के मुताबिक पुलिस की सूचना के बाद इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बना दी गई है। लक्ष्मण दास के मुताबिक बच्चियों के अभिभावकों की ओर से उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। अलबत्ता अभिभावक पुलिस के पास गए थे इसके बाद पुलिस की जानकारी के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पहली कलम से हो जन उम्मीदें पूरी करने का संकल्प : संस्था

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था जिन्दगी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के लोकसभा उम्मीदवारों को जिला फतेहाबाद के विकास से जुड़ी अहम मांगों से रूबरू करवाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सभी दलों के उम्मीदवारों को संस्था जनबल का उम्मीद पत्र सौंपेगी, जिसमें जिला के विकास से जुड़ी अहम मांगे शामिल की गई है। इस कड़ी में संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने सिरसा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा को जनता का उम्मीद पत्र सौंपा। कुमारी सैलजा ने संस्था पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि सभी मांगे क्षेत्र के विकास का मुख्य केंद्र बिंदु है। जनता ने उन्हें सांसद बनाया तो वह इन मांगों को प्राथमिकताओं में शामिल करके इन्हें पूरा करने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी के अलावा संस्था पदाधिकारियों में अमरजीत मालवान, अनिल कंबोज, विकास गावड़ी, पवन जागलान, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। संस्था ने फतेहाबाद में इनेलो प्रत्याशी संदीप वाल्मीकि को भी जनबल का उम्मीद पत्र सौंपा।

# सोच-समझ कर बोलें बबली, पार्टी ने ही विधायक और मंत्री बनाया : जतिन

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी ने प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर अल्पमत में आ रही भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और फ्लोर टेस्ट करवाने की मांग की है। जेजेपी का कहना है कि अगर सरकार के पास बहुमत नहीं है तो प्रदेश में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। जेजेपी के प्रदेश प्रवक्ता जतिन खिलेरी ने साथ ही टोहाना से पार्टी के विधायक देवेन्द्र बबली को भी सोच-समझ कर बोलने की नसीहत दी है। उनका कहना है कि देवेन्द्र बबली जेजेपी के कारण ही विधायक और मंत्री बने थे। ऐसे में उन्हें पार्टी विरोधी ब्यानबाजी से बचना चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्यपाल को भेजे पत्र में जेजेपी नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि 2 महीने पहले नायब सैनी के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार अल्पमत में चली गई है। उनको समर्थन करने वाले 1 भाजपा और एक निर्दलीय ने इस्तीफा दे दिया। 3 निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया है। जजपा ने खुलकर कहा है कि अगर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आता है तो हम बाहर से उसका समर्थन करेंगे। इसके लिए हमने गवर्नर को लिखित तौर पर भेजा है।

# सक्रियता से चलेगा ब्राह्मण सभा का अभियान : जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री ब्राह्मण सभा सिरसा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा के निर्देशानुसार आगामी 12 मई के बाद सभा की चुनाव प्रक्रिया के तहत आरंभ किए जाने वाले सदस्यता अभियान के प्रमुख पंडित विजय जोशी ने कहा कि उन्हें सौंपे गए दायित्व को पूरी शिद्दत से निभाया जाएगा। पंडित विजय जोशी ने बताया कि श्री ब्राह्मण सभा के विस्तार के साथ-साथ सभा की पहले से भी अधिक मजबूती के लिए ब्राह्मण समाज को सभा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान ही ब्राह्मण समाज के लोगों को सभा की ओर से अब तक किए गए समाज के प्रति सामाजिक, आध्यात्मिक कायारें की जानकारी देने के साथ-साथ भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भगवान परशराम सभी के आराध्य हैं और उनकी जयंती हषार्ेल्लास व पूरी श्रद्धा से मनाई जाएगी। पंडित विजय जोशी ने बताया कि वे श्री ब्राह्मण सभा व व्यक्तिगत स्तर पर भी आमजन से 10 मई को भगवान श्री परशुराम चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम व 12 मई को श्री ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित होने वाले मिलन समारोह के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# कीर्तिनगर केंद्र में हुआ आंगनबाड़ी वर्कर्स का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग सिरसा शहरी द्वारा कीर्तिनगर आंगनवाड़ी केन्द्र में आई वाईसीएफ स्कीम के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में दौरान आगनवाड़ी वर्करों को नवजात शिशु की देख रेख किस प्रकार की जा सकती है इस बारे में विस्तार से बताया। सुपरवाइजर रचना व बलविंदर कौर ने बताया कि बच्चों के जन्म के तुरंत बाद या 1 घंटे के अंदर स्तनपान शुरू करवा देना चाहिए। और 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान ही करवाना चाहिए। गर्भवती महिला को किस प्रकार से देखरेख की जरूरत होती है। यह भी विस्तार से बताया। कंगारू मदर केयर के बारे में बताते हुए कहा कि अगर बच्चा कमजोर पैदा होता है माता कंगारू मदर केयर के द्वारा बच्चों की देखभाल करें। नवजात शिशु की देखरेख सावधानीपूर्वक की जानी चाहिए।



**सिरसा।** प्रशिक्षण लेते आंगनबाड़ी वर्कर।

## यूपीएससी उत्तीर्ण करने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

# कोमल गर्ग को 'सिरसा गौरव सम्मान' से नवाजा

- यूपीएससी परीक्षा में 221वां रैंक प्राप्त कर किया सम्मान प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हाल ही में यूपीएससी उत्तीर्ण करने वाली कोमल गर्ग के निवास स्थान पर शाखा अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव दीपक शर्मा, प्रांतीय सहमहिला प्रमुख सविता बंसल, पूर्व प्रांतीय सह महिला प्रमुख अर्चना शर्मा, पूर्व प्रांतीय संयोजक अशोक गुप्ता, सचिव सतपाल जोत, कोषाध्यक्ष राजेश माहेश्वरी ने परिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में उनकी यूपीएससी परीक्षा में 221वां रैंक प्राप्त कर सिरसा ही नहीं, अपितु समस्त मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाने पर सिरसा गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर हुई भेंट के दौरान कोमल गर्ग ने बताया कि भविष्य में जो भी दायित्व उन्हें मिलेगा, उसके साथ-साथ वे समाज कल्याण के लिए नारी सशक्तिकरण एवं गरीबी उन्मूलन का विशेष ध्यान रखेंगी। अपने नाम के यथार्थ कोमल हृदयी, मृदुभाषी धरातल से जुड़ी कोमल गर्ग ने कहा कि वे गरीबी की टीस को समझती हैं और किसी भी गरीब एवं मजलूम को न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास करेंगी। परिषद परिवार के सदस्यों ने उनकी मेहनत व लग्न की सराहना की तथा उन्हें एक शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके परिजन भी मौजूद थे।



**सिरसा।** कोमल गर्ग को सिरसा गौरव सम्मान से सम्मानित करते भाविप के सदस्य।

## खबर संक्षेप

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल समेत युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** शहर थाना डबवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। शहर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 07 अप्रेल को राहुल पुत्र सुभाष निवासी कबीर बस्ती डबवाली की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की सहायता से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र हनुमान निवासी अबूबशहर के रुप में हुई है। आरोपी के कब्जा से चोरीशुदा बरामद कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### लोहा कबाड़ समेत चोरी के तीन आरोपी दबोचे

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गट्टे लोहा कबाड़ बरामद किए है। थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि बीते दिवस हजारा सिंह पुत्र धन सिंह निवासी गांव कालांवाली की शिकायत पर उसकी मोटर का सामान जिसमें 2 फिक्स बाल टी, पाइप और मोटर का अन्य सामान चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान एक कबाड़ी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान लवप्रीत पुत्र हरचरण सिंह, मंगा सिंह पुत्र गुरमीत सिंह व प्रमजीत सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी कालांवाली के रुप में हुई है। आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ की जाएगी तथा मामले में अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### कार सवार दो युवक 22 लीटर शराब सहित काबू

**सिरसा।** एएनसी स्टाफ टीम ने कालांवाली से कार सवार दो युवकों को 22 लीटर अवैध शराब सहित काबू किया है। एएनसी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सहायक सब इंस्पेक्टर रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान जलालआना से कांलावाली की ओर जा रहे थे। इस दौरान एक कार उनके पास से गुजरी तो उन्होंने नशीले पदार्थ का शक होने की कार को रोककर तलाशी ली तो प्लास्टिक कैनी बरामद हुई। जिसका ढक्कन खोलकर चैक किया तो उसमें 22 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। आरोपियों की पहचान मनजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिह निवासी देसु मलकाना व कुलदीप सिह पुत्र जंटा सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 कांलावली के रुप में हुई है।

### आभूषण व नकदी चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने गांव बालसमंद स्थित मकान से सोने चांदी के आभूषण सहित नकदी चोरी के मामले में गांव के दो युवकों प्रदीप और मोहित को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। गांव की सुमन ने बताया कि वह 23 मार्च अपने घर पर ताला लगा कर अपने मायके खरखड़ी गई थी। जब वह 31 मार्च को वापस आई तो घर के मुख्य गेट पर ताला लगा था और अंदर घर में अलमारी और संदूक के ताले टूटे मिले।

### पर्यविक्षक देव कृष्णा तिवारी ने नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

# नेताओं की रैली-बैठक पर पूर्ण नजर रखें, हर मूवमेंट की हो वीडियोग्राफी

**अपने कर्तव्य की पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** चुनाव प्रबंधन की समीक्षात्मक बैठक को संबोधित करते लोकसभा चुनाव के जनरल ऑब्जर्वर देव कृष्णा तिवारी।

सिरसा लोकसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर देव कृष्णा तिवारी ने कहा है कि चुनाव में नियुक्त प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने कर्तव्य की पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों को कहा कि वे पूर्ण सजगता व सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। लोकसभा चुनाव के जनरल ऑब्जर्वर वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में लोकसभा क्षेत्र के जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधन की समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे। ऑब्जर्वर देव कृष्णा तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावी ढंग से की जाए। चुनाव में वोट देने के लिए नागरिकों को निरंतर प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला के नाकों पर पूरी निगरानी रखी जाये। सभी एफएसटी, एसएसटी टीम पूर्ण रूप से वीडियोग्राफी करवाये। उन्होंने कहा कि कहा लोकसभा चुनाव के दौरान अनुचित संसाधनों का इस्तेमाल न हो, इसके लिए हर स्तर पर पूरी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो। अवैध शराब, नकदी, नशीले पदाथार्ं की आपूर्ति की रोकथाम के लिए कड़े प्रयास किए जाएं। चुनाव खर्च ऑब्जर्वर विजय सिंह ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान समाचार पत्रों, सोशल मीडिया व केबल टीवी नेटवर्क पर आने वाले समाचारों तथा विज्ञापनों पर निगरानी रखी जाए। खर्च ऑब्जर्वर ने कहा कि रैली और बैठक पर पूर्ण नजर रखी जाए और हर मुमेंट की विडियोग्राफी हो। चुनाव में लगने वाले होर्डिंग, बैनर आदि पर निगरानी आवश्यक है, इसलिए गठित टीमे स्वतः संज्ञान लेकर भी कारवाई करें। कोई शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कारवाई होनी चाहिए। पुलिस अधिकारी विधानसभा क्षेत्र के अनुसार जब्त की गई सामग्री की रिपोर्ट चुनाव आयोग को रोजाना भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर सामुदायिक झगड़े होने की आशंका है, उन पर अभी से पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजिज व्यक्तियों के साथ मिलकर सदभावना स्थापित करने का कार्य करें। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि वीएसटी टीमें फील्ड में चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे संसाधनों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

# मतदाता जागरुकता अभियान में तेजी लाएं अधिकारी : सिंह


**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त आरके सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों की बैठक लेकर स्वीप गतिविधियों की समीक्षा की

जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि सिरसा का अभिमान-सौ प्रतिशत मतदान के नारे को सार्थक बनाने के लिए स्वीप अभियान में तेजी लाई जाए। लोकसभा आम चुनाव के लिए होने वाले मतदान के लिए 15 दिन शेष बचे हैं, इसलिए इन दिनों में सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जाए ताकि जन-जन तक मतदान का संदेश पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में स्वीप अभियान से संबंधित आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में मतदान की थीम पर पीटीएम का आयोजन किया जाए ताकि विद्यार्थियों के अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरुक किया जा सके। इसी प्रकार शहर के ऊंचे भवनों पर मतदाता जागरुकता के बैनर लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी वाहनों पर भी जागरुकता प्रचार सामग्री चस्पा की जाए। उन्होंने जिला नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर के स्ट्रीट वैंडर की रेहड़ियों पर भी जागरुकता बैनर लगवाए जाएं ताकि घर-घर मतदान का संदेश पहुंच सके। लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को शतप्रशित मतदान के लिए जागरूक करना है। मतदाता जागरूकता किसी भी चुनाव के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें जिला के स्कूल, एनजीओ व सामाजिक संस्थाएं अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपने दायित्व को निभाएं। बैठक में डीएमसी सुरेंद्र सिंह, डीआरओ सुरेश कुमार, डीआईओ सिकंदर, तहसीलदार चुनाव रोहित मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य जागरुकता सप्ताह मनाया

**रतिया।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर सोत्तर में 6 मई से 9 मई तक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया। अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार ने एड्स रोग के लक्षण, कारण और बचाव पर जानकारी दी तो इतिहास प्रवक्ता छैला राम ने क्षय रोग के कारण लक्षण और संक्रमण के बचाव के उपायों बारे बताया। स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों की 6 टीमों ने भाग लिया। इसमें जशनदीप और गुरुकृपाल प्रथम, तमन्ना और कमाजीत द्वितीय तथा रोहित और करन तृतीय स्थान पर रहे। आज रेड रिबन के माध्यम से एड्स जागरूकता का प्रतीक चिन्ह बनाकर बच्चों की कमीज पर लगाया।

# आज भी मनाया जाता है महाराणा प्रताप की वीरता का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- मुख्त्यार सिंह मेमोरियल कॉलेज में मनाई महाराणा प्रताप जयंती

मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर में एनएसएस इकाई द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमनदीप कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ। उनकी वीरता का जश्न आज भी मनाया जाता है। महाराणा प्रताप का जीवन संघषार्ं भरा रहा है और उन्हें जीवनभर अनेक लड़ाइयों का सामना करना पड़ा। जब मुगलों ने चित्तौड़गढ़ पर हमला किया तो उनके पिता को भागना पड़ा और महाराणा प्रताप को कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। महाराणा प्रताप एक बहादुर योद्धा थे और उन्होंने अपने राज्य व अपनी जनता की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हल्दी घाटी का युद्ध महाराणा प्रताप द्वारा मुगलों के खिलाफ लड़ी गई एक महत्वपूर्ण लड़ाई थी। हालांकि वह लड़ाई हार गए थे, लेकिन उन्होंने अपनी जनता की आजादी के लिए लड़ना जारी रखा और कभी हार नहीं मानी। उनका नाम इतिहास में एक महान राजा के तौर पर दर्ज है।

# वंशानुगत रक्त विकार है थैलेसीमिया रोग

- विश्व थैलेसीमिया दिवस पर नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर आयोजित कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर वीरवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल रोग चिकित्सा अधिकारी डा. भारत भूषण, नोडल अधिकारी डा. सोनल सिंगला, डा. सुमित कंबोज, जिला अर्श काउंसलर कमल कक्कड़ उपस्थित थे। नोडल अधिकारी डा. सोनल सिंगला ने बताया कि थैलेसीमिया के लक्षण, प्रकार, बचाव व रोकथाम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त विकार है जो आसामान्य जीन के माध्यम से माता-पिता से बच्चों मे आता है, थैलेसीमिया ग्रस्त व्यक्ति सामान्य कार्यशील लाल रक्त कणिकाओं को पैदा करने में असमर्थ होता है जिसके कारण व्यक्ति को रक्त की कमी हो जाती है और मरीज को लगातार दो से तीन सप्ताह के अंतराल में खून की आवश्यकता रहती है। उन्होंने बताया कि सामान्यत्या थैलेसीमिया मेजर के लक्षण बच्चों में पहले वर्ष में ही दिखाई देने लगते हैं जिससे खून की कमी हो जाती है और बच्चा बीमार रहने लगता है तथा जैसे जैसे यह बीमारी बढ़ती है, बच्चे का चेहरा विकृत हो जाता है और दांत बाहर निकलने लग जाते हैं और चेहरा पर पीलापन दिखाई देने लगता है। बाल रोग विशेषज्ञ डा. भारत भूषण ने बताया कि बार-बार रक्ताधान से मरीज के शरीर में लौह अणुओं का जमाव हो जाता है जोकि उसके हृदय, लीवर गुदोंर् आदि अंगों को प्रभावित कर अन्य बीमारियों को भी पैदा कर सकता है। इसलिए इस अतिरिक्त लौह अनुभव को शरीर से बाहर निकालने के लिए लौह मात्रा कम करने की दवाइयां दी जाती है। थैलेसीमिया माता-पिता से ही बच्चों में आता है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव किरढ़ान के पास एक ट्रक की टक्कर से बाईक सवार चार युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।प्रताप नगर भट्टू मण्डी निवासी सावन उर्फ लाला ने कहा है कि वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। 7 मई की रात करीब साढ़े 11 बजे वह राहुल निवासी प्रताप नगर भट्टू मण्डी और मनीष भट्टूकलां तीनों विक्रम निवासी किरढ़ान को मोटरसाइकिल पर भट्टूमण्डी से उसके गांव किरढ़ान छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही वह गांव किरढ़ान के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक ट्रक के चालक ने उनके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार चारों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में विक्रम, राहुल व मनीष को काफी चोटें आई। बाद में चारों को उपचार के लिए भट्टू के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां विक्रम, राहुल व मनीष को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बाद में मनीष को उसके परिवार के लोग फतेहाबाद के निजी अस्पताल में व विक्रम को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# छात्रों ने बैग सजाकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** गांधी विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित बैग सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

सेक्टर 12 स्थित गांधी विद्या मंदिर स्कूल में बैग सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आरंभ में विद्यालय के प्रिंसीपल सुशील शर्मा ने बच्चों को उनके विद्यार्थी जीवन में स्कूल बैग, नोटबुक्स व पुस्तकों के रख रखाव के महत्व को समझाया। विद्यालय की सभी कक्षाओं के बच्चों ने अपनी-अपनी नोटबुक्स को विषयाधारित थीम्स पर सुंदर कवर से सजाया।

बच्चों ने विभिन्न थीम्स के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिए। विभिन्न कक्षा वर्ग में विहान, वान्या, रुद्र, आरवी, लव, सेजल, रवीना, गोमिनी, नक्ष, आशीष, सृष्टि, आर्यन, तन्वी, अक्षिता, वंशिका, काव्या, वाणी, मानवी, नव्या, डोलसी, प्रोमिला, स्नेहा, खुशी,मानवी व प्रिंस को विजेता घोषित किया गया। उपविजेताओं की सूची में भविषा, रूपेक्षा, खुशी, अर्पिता,केशव, मानवी, योनित, हर्षिता, आविश, भव्य, शगुन, मुस्कान, मिक्षा, कविता, सहजमीत, ऐश्वर्या, हिमांशी, दिक्षा, होनेश, निकिता व रूपिंदर शामिल हुए। विद्यालय के प्रिंसिपल सुशील शर्मा ने सभी प्रतिभागियों व अध्यापकों की प्रशंसा की।

# अल्प आयु में वाहनों से दूरी बनाकर रखें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज. भूना

शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में डीजीपी द्वारा चलाए गए सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन एलईडी स्क्रीन पर डीएसपी राजेश चेची द्वारा बताए गए रोड सेफ्टी नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण 200 से अधिक विद्यार्थियों ने देखा और सुना। विद्यार्थियों को ऑनलाइन के माध्यम से डीएसपी राजेश ने बताया कि भारत में रोड ऐक्सिडेंट से मरने वालों की संख्या के मामले में चीन से आगे निकल कर प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में मरने वालो में 20 प्रतिशत लोग मानवीय गलतियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, इसलिए वर्तमान में विद्यार्थियों से शुरुआत करके लोगो को जागरूक बनाये जाने की मुहिम शुरू की गई है। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने सड़क पर पैदल चलने से लेकर गाड़ी चलाने तक के नियम व कानून के बारे में जानकारी दी। स्कूल निदेशक जसबीर बेनीवाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की हिदायत दी और डीएसपी का आभार व्यक्त किया।

### एसबीआई के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद में एसबीआई बैंक के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे शहर पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बैजलपुर निवासी राजकुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को अनाज मण्डी के पीछे स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बाहर लॉक करके ख्वाड़ा किया और काम पर चला गया। शाम को जब वह बैंक से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर उसने पहले आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005

### अक्षय तृतीया आज, खुलेंगे हिंदुओं के पवित्र तीर्थस्थल बद्रीनाथ धाम के कपाट

# शुभ मुहूर्त न होने से इस साल कम गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


पंडित राजेश शर्मा

सालों से अक्षय तृतीया की तारीख सबसे बड़े वैवाहिक सावे की तारीख के रूप में जानी जाती है। इसे अबूझ मुहूर्त तिथि भी माना जाता है क्योंकि इस दिन बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। इस साल आज 10 मई को अक्षय तृतीया मनाई जा रही है। शुभ कार्य संपन्न करने के लिए अबूझ महामुहूर्त अक्षय तृतीया को माना जाता है। लेकिन, इस बार अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में विवाह के लिए एक भी मुहूर्त नहीं है। हालांकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त बनाए हुए है पर शुभ विवाह के लिए एक भी संयोग नहीं बन रहा है। लेकिन 24 सालों में पहली बार ऐसा संयोग बन रहा है कि अक्षय तृतीया के दिन शादियां पहले की अपेक्षा काफी कम होंगी। इसके अलावा जो लोग गर्मी के मौसम में विवाह करने की सोच रहे हैं, उन्हें भी यह मौका नहीं मिलेगा, क्योंकि मई और जून में भी विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। फतेहाबाद के प्रमुख ज्योतिषी पंडित राजेश शर्मा का कहना है कि बिना पंचांग देखे शुभ कार्य संपन्न किए जाने वाला अबूझ महामुहूर्त, अक्षय तृतीया को माना जाता है, लेकिन इस बार अक्षय तृतीया के दिन विवाह का कारक ग्रह माने जाने वाले शुक्र और गुरु तारा अस्त होने से विवाह मुहूर्त नहीं है। अंग्रेजी वर्ष के अनुसार 23 अप्रैल से 29 जून तक शुक्र तारा अस्त रहेगा। इसी बीच गुरु तारा 6 मई से 2 जून तक अस्त रहेगा। गुरु व शुक्र तारा अस्त होने से शुभ संस्कार नहीं किए जाएंगे। विवाह के लिए गुरु व शुक्र के तारे का उदित होना आवश्यक है। इन दोनों में से किसी एक तारे के भी अस्त रहने पर विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होते हैं।

### ये हैं विवाह के शुभ मुहूर्त

जुलाई में 9 से 15 जुलाई (8 दिन), अक्टूबर माह में 3, 7, 17, 21, 23, 30 (6 दिन), नवंबर माह में 16 से 18 नवम्बर, 22 से 26 नवम्बर व 28 नवम्बर (9 दिन), दिसंबर माह में 2 से 5 दिसम्बर, 9 से 11 दिसम्बर, 13 से 15 दिसम्बर (10 दिन)

विष्णु के तीन अवतारों का हुआ था अवतरण पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम, हयग्रीव और नर-नारायण का अवतरण धरती पर हुआ था। ये तीनों ही भगवान विष्णु के अवतार माने गये हैं। इसी दिन से सतयुग और त्रैतायुग की शुरुआत भी हुई थी। वहीं मान्यताओं के अनुसार इसी दिन पर द्वापर युग का समापन भी हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन माता गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था और गंगा के अवतरण से राजा सगर के 60 हजार पुत्रों को मुक्ति मिली थी। अक्षय तृतीया के दिन से ही हिंदुओं के पवित्र तीर्थ स्थल बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुलते हैं।

### 9 जुलाई से होंगे विवाह

ज्योतिषाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि खास बात यह है कि जो लोग गर्मी के मौसम में विवाह करने की सोच रहे हैं, उन्हें यह मौका नहीं मिलेगा। मई और जून में एक भी दिन विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे। इसकी वजह इन दोनों माह में शुक्र और गुरू ग्रह का अस्त होना है। इसके उदित होने के बाद जुलाई में ही मुहूर्त शुरू होंगे। 24 वर्ष बाद मई और जून में एक भी दिन विवाह मुहूर्त नहीं रहेगा। इसकी वजह दोनों महीनों में शुक्र ग्रह का अस्त होना है। शुक्र उदित होने के बाद जुलाई में ही विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। शुक्र का तारा उदित होने के बाद 9 जुलाई से एक बार फिर विवाह समारोह की धूम शुरू होगी। जुलाई में क्रमशः 9 ,11, 12, 13 व 15 जुलाई विवाह की तारीख हैं। इनमें अपने चंद्र बल व गुरु बल की गणना से विवाह के लिए तारीख का चयन किया जा सकता है।